दिनांक 29.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर संगवारी सेवा योजना के तहत 55755 सर्टिफिकेट बनाया गया है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासरत नागरिकों को घर बैठे शासकीय योजनाओं का लाभ दिये जाने मोर संगवारी सेवा योजना संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा इस योजना के तहत 27 प्रकार के दस्तावेज बनाने की योजना है, इसके लिए निःशुल्क टोल फ्री नंबर 14545 जारी किया है। नागरिक टोल फ्री नंबर पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को घर बुलाकर आवश्यकतानुसार दस्तावेज बनवा सकते है। मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र के कुल–3917, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल–3059, जन्म प्रमाण के कुल–5058, दुकान एवं स्थापना पंजीयनध्गुमास्ता लाइसेंस के कुल–357, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन कुल–14989, पैन कार्ड सेवा के कुल–285, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल–17655, मूल निवास प्रमाण पत्र के कुल–1448, अनुसुचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल–65, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल–305, आय प्रमाण पत्र के कुल–4060, एपीएल राशन कार्ड के कुल–429, विवाह सुधार के कुल–255 इस प्रकार कुल 51882 एवं अन्य 3873 प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा चुके है। प्रदेश में नागरिकों को सर्टिफिकेट डिलीवरी करने में नगर पालिक निगम भिलाई का द्वितीय स्थान है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फ नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है, साथ ही साथ सरकारी काम में भी तेजी आयी है।